वर्ष- 3 , अंक- 78
छपरा
10 फरवरी मंगलवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# शाह बोले: बस्तर की पहचान बारूद नहीं, संस्कृति है

## बस्तर पंडुम में कहा- तय समय में नक्सलवाद खत्म होगा, यह सबसे विकसित संभाग बनेगा

**जगदलपुर ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की पहचान बारूद से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध संस्कृति से है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का तेजी से सफाया हो रहा है और सरेंडर करने वाले नक्सलियों को कोई आंच नहीं आएगी। लेकिन स्कूल और अस्पताल जलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। तय समय में नक्सलवाद खत्म होगा।

शाह ने भरोसा दिलाया कि बस्तर को प्रदेश का सबसे विकसित संभाग बनाया जाएगा। उन्होंने ये बातें जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित बस्तर पंडुम के मंच से कही। इससे पहले स्वागत के दौरान उन्हें कौड़ी की माला और पारंपरिक पगड़ी पहनाई गई।

**अमित शाह बोले- कम्युनिस्ट विचारधारा विनाशकारी** :इससे पहले रविवार को रायपुर के मेफेयर होटल में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद पर हाईलेवल समीक्षा बैठक ली थी। पहले सत्र में इंटेलिजेंस इनपुट्स, नक्सलविरोधी अभियानों, इंफ्रास्ट्रक्चर और आत्मसमर्पण नीति की प्रगति पर चर्चा हुई।

शाह ने कहा कि 31 मार्च से पहले नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य तय है। उन्होंने कम्युनिस्ट विचारधारा को विनाशकारी बताते हुए कहा कि माओवादी समस्या न तो विकास की कमी है और न ही केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा, बल्कि यह विचारधारा से जुड़ी चुनौती है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, CRPF और कई राज्यों के डीजीपी शामिल हुए थे। गृह मंत्री ने कहा कि माओवादियों ने गरीब आदिवासी युवाओं के हाथों में हथियार थमाए और तिरुपति से पशुपतिनाथ तक 'रेड कॉरिडोर' का नारा दिया। उन्होंने कहा, साढ़े चार दशकों तक उन्होंने इस पूरे क्षेत्र में विकास को रोके रखा।

शाह ने आगे कहा मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि अगर बस्तर माओवादी समस्या से प्रभावित नहीं होता, तो आज यह देश का सबसे विकसित जिला होता। आने वाले 10 वर्षों में बस्तर देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनेगा।



### सीएम साय बोले- जवानों के साहस-संकल्प से बदल रही बस्तर की तस्वीर



छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में 45 वर्षों से अधिक समय तक नक्सलवाद का प्रभाव रहा। बस्तर का क्षेत्रफल केरल राज्य से भी बड़ा है। लाल आतंकवाद के कारण यहां के लोगों को लंबे समय तक बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाईं। लेकिन गृह मंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति और ठोस रणनीति के चलते मात्र दो वर्षों में यहां शांति स्थापित हुई है। आज गृह मंत्री का हमारे बीच होना बस्तर के लिए ऐतिहासिक क्षण है। बस्तर पंडुम, बस्तर की संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। एक समय था जब यह विश्वास करना कठिन था कि बस्तर से नक्सलवाद कभी समाप्त होगा। लेकिन गृह मंत्री के संकल्प और जवानों के साहस से आज बस्तर की स्थिति और परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। गृह मंत्री ने कहा कि देश में नक्सलवाद का सबसे अधिक प्रभाव करीब 75 प्रतिशत छत्तीसगढ़ में था, लेकिन आज पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि यह संकल्प अब पूरा होने की दिशा में है।

### माओवाद से 90 प्रतिशत क्षेत्र मुक्त

शाह ने कहा कि अब माओवाद से 90 प्रतिशत क्षेत्र मुक्त हो चुका है और उन्होंने दोहराया कि 31 मार्च से पहले माओवादी समस्या को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। हालांकि, उन्होंने माओवादियों से हथियार छोड़ने की अपील भी की और कहा कि सरकार एक भी गोली चलाना नहीं चाहती। जो माओवादी आत्मसमर्पण करेंगे, सरकार उनका रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करेगी।

### नक्सली खात्मे की डेडलाइन को 51 दिन बाकी

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को लेकर केंद्र सरकार की रणनीति से जुड़े अहम दौर की शुरुआत हो रही है। अमित शाह का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन अब नजदीक आ चुकी है।

इस समयसीमा का ऐलान खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ समेत नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबल लगातार अभियान चला रहे हैं। इस डेडलाइन में अब करीब 51 दिन का ही समय बाकी है।

# परीक्षा पे चर्चा : टेक्नोलॉजी के गुलाम न बनें, निडर बनेंगे तो लीडर बनेंगे : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन के दूसरे एपिसोड में देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की।

पीएम मोदी कोयंबटूर से छत्तीसगढ़ पहुंचे और बच्चों से बात की। इसके बाद पीएम गुवाहाटी के अष्टलक्ष्मी पहुंचे। पीएम ने कहा कि कभी भी टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं बनना चाहिए। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने में करें।

दूसरे एपिसोड में पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ने के साथ, लिखकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी। साथ ही बच्चों से कहा कि पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे।



**कमजोर क्लासमेट्स की मदद** :पीएम ने छात्रों को पढ़ाई में कमजोर क्लासमेट्स की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनसे दोस्ती करनी चाहिए और उन्हें टॉपिक समझाने चाहिए। दूसरों को पढ़ाने से खुद भी बेहतर सीखने में मदद मिलती है।

**परीक्षा के समय तनाव कैसे कम करें :** आप पुरानी परीक्षा के दिनों को याद कीजिए। जब आप पुरानी परीक्षाओं को याद करेंगे, तो आपको लगेगा उस समय भी तनाव था, लेकिन जब वह परीक्षा देकर आ गया, तो कुछ नहीं था। ऐसा होता है ना। परीक्षा के लिए सबसे अच्छी चीज होती है कि आप पेपर सॉल्व करने की आदत डालें। लिखने की आदत डालें। अगर खुद आप इस तरह से प्रैक्टिस करते रहेंगे तो आपको कभी तनाव नहीं होगा।

### जहां भी जाएं स्टूडेंट की तरह जाएं

आप वेकेशन पर जा रहे हैं, तो पहले अपनी तहसील में देखें कहां जा सकते हैं, फिर जिला, फिर राज्य। कहने का मतलब ये है कि आप जहां भी घूमें एक स्टूडेंट की नजर से घूमें ताकि आप लगातार कुछ सीख सकें।

### पहले निडर बनो, फिर लीडर बनो

पहले निडर बनो, जो काम है, मन में तय करो कि कोई ओर करे या ना करे मैं करुंगा। जब आप ऐसा सोचना शुरू कर देंगे, तो आप देखेंगे कि अपने आप लीडरशिप क्वालिटी डेवलप हो जाएगी। मान लीजिए कहीं कचरा है और उसे आपने उठा लिया, तो आपको देखने वाले 4 लोग भी ऐसा ही करने लगेंगे।

### खामियों से भरी मतदाता सूची से ही चुनाव कराना चाहती हैं ममता बनर्जी : भाजपा

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा इस प्रक्रिया के विरोध पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राज्य में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रही है और गलतियों से भरी मतदाता सूची के सहारे चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है।

पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और सांसद समिक भट्टाचार्य ने राज्य सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा एसआईआर प्रक्रिया को पूरी तरह से समाप्त करना है। उन्होंने दावा किया कि सत्ताधारी दल त्रुटिपूर्ण वोटर लिस्ट के साथ चुनाव कराने के लिए बेताब है ताकि चुनावी लाभ लिया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बंगाल में हिंसा का दौर थम नहीं रहा है।

भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्याएं हुईं और महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध किए गए।

### शरद पवार की बिगड़ी तबीयत, सांस लेने में तकलीफ



**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख व वयोवृद्ध नेता शरद पवार की सेहत अचानक खराब होने के बाद उन्हें बारामती से पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। शरद पवार को खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतें हैं। यह जानकारी उनके कार्यालय की ओर से दी गई है। हालांकि अभी उनकी सेहत की गंभीरता को लेकर कोई आधिकारिक विवरण नहीं आया है। डॉक्टर उनकी स्थिति का पूरा निरीक्षण कर रहे हैं और जरूरी मेडिकल जांचें की जा रही हैं।

रिपोर्ट में दावा

# भारतीय कंपनियों पर साइबर हमला सबसे बड़ा खतरा, हो रहा बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय कंपनियों के सामने इस समय साइबर सुरक्षा से जुड़ा खतरा सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। 51 फीसदी वरिष्ठ अधिकारियों ने माना है कि साइबर हमले और डाटा चोरी उनके संस्थानों के प्रदर्शन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे। यह बात फिक्की-ईवाई जोखिम सर्वे 2026 में सामने आई है, जिसे रविवार को जारी किया गया।

सर्वे के अनुसार, साइबर जोखिम के बाद कंपनियों के लिए दूसरी बड़ी चिंताएं ग्राहकों की बदलती जरूरतें और जियोपॉलिटिक्स घटनाएं हैं। करीब 49 फीसदी अधिकारियों ने



कहा कि ग्राहकों की मांग तेजी से बदल रही है, जिससे कंपनियों पर दबाव बढ़ रहा है। वहीं 48 फीसदी ने वैश्विक स्तर पर चल रहे राजनीतिक तनाव और घटनाक्रम को कारोबार के लिए जोखिम बताया।

रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि तकनीक से जुड़ा जोखिम अब केवल आईटी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर कंपनी के रोजमर्रा के कामकाज और कारोबार की निरंतरता से जुड़ गया है। सर्वे में शामिल 61 फीसदी उत्तरदाताओं का मानना है कि तेज तकनीकी बदलाव और डिजिटल माहौल उनकी प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहा है।

**64 फीसदी अधिकारियों ने कहा-कुशल कर्मचारियों की है कमी** :60 फीसदी लोगों का कहना है कि अगर एआई और अन्य नई तकनीकों को सही तरीके से नहीं अपनाया गया तो कंपनियों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। वहीं 54 फीसदी उत्तरदाताओं को लगता है कि एआई से जुड़े नैतिक, पारदर्शिता और गवर्नेंस से जुड़े जोखिमों को अभी ठीक से संभाला नहीं जा रहा।

# संसद और दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी

- मेल में लिखा- 13 फरवरी को संसद में ब्लास्ट होगा, दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के 15 स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। मेल में दावा किया गया कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे संसद में ब्लास्ट होगा और दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे। अधिकारियों ने बताया कि आठ धमकियां बाद में फर्जी पाई गईं। ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और पंजाब को खालिस्तान बताने का भी जिक्र था। धमकी के बाद स्कूलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली फायर सर्विस (DFS) के मुताबिक, सुबह अलग-अलग इलाकों के स्कूलों से इमरजेंसी कॉल आईं। इसके बाद फायर टेंडर, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत मौके पर पहुंची।

**धमकी भरे ईमेल में लिखा-** अफजल गुरु की याद में दिल्ली बनेगा खालिस्तान। 1:11 बजे पर धमाका होगा, 13 फरवरी को 1:11 बजे पर संसद में ब्लास्ट होगा। पंजाब खालिस्तान है। खालिस्तान नेशनल आर्मी।

**स्कूलों को खाली कराया गया :** DFS के एक अधिकारी ने कहा कि अब तक 15 स्कूलों ने धमकी मिलने की सूचना दी है। सभी परिसरों की गहन जांच की जा रही है। इनमें से आठ धमकियों को बाद में फर्जी बताया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईमेल की लोकेशन और सोर्स पता करने के लिए साइबर टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। साथ ही राजधानी के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। अब तक किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

# मणिपुर हिंसा: घायल भाजपा विधायक वाल्टे की हालत गंभीर





- बेटे ने कहा- फेफड़ों की बीमारी के बाद दिल्ली एयरलिफ्ट

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर से भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे की सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। जातीय हिंसा में घायल रहे विधायक की हालत फिर बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली एयरलिफ्ट किया गया है। परिवार ने बताया है कि अब फेफड़ों से जुड़ी गंभीर समस्या सामने आई है। बेटे के ताजा बयान के बाद मामला फिर सुर्खियों में है। राज्य सरकार ने भी उनके इलाज को लेकर सक्रियता दिखाई है।

विधायक के बेटे डेविड मंग वाल्टे ने बताया कि दो दिन पहले फेफड़ों की बीमारी का पता चला। उन्होंने कहा कि अभी हालत थोड़ी स्थिर है, लेकिन वह अब भी गंभीर स्थिति में हैं। बेटे के मुताबिक भीड़ हिंसा में गंभीर चोट लगने के बाद से उनका स्वास्थ्य लगातार खराब रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुकी, मेइतेई और जोमी समुदायों के बीच तनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री से मिलकर लौटते समय उन पर अरामबाई तेंगोल समूह ने हमला किया था।

### सांस लेने में दिक्कत, आईसीयू में भर्ती

स्वास्थ्य बिगड़ने पर विधायक को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार शाम उन्हें तेज सांस की दिक्कत हुई। डॉक्टरों ने जांच के बाद पल्मोनरी एडिमा यानी फेफड़ों में तरल भरने की समस्या बताई। हालत नाजुक होने पर उन्हें आईसीयू में रखा गया। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत बड़े केंद्र पर रेफर करने की सलाह दी, ताकि उन्नत इलाज मिल सके।

**इम्फाल से चार्टर्ड एयर एम्बुलेंस से दिल्ली भेजा**-विधायक को चुराचांदपुर से एम्बुलेंस के जरिए इम्फाल लाया गया। इसके बाद चार्टर्ड एयर एम्बुलेंस से दिल्ली के अस्पताल भेजा गया। इम्फाल के बिर टिकेंद्रजीत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने उनसे मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर विधायक के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# फरीदाबाद जेल में आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या

- राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी; हमलावर और अब्दुल एक ही बैरक में थे

**फरीदाबाद,एजेंसी।** हरियाणा की फरीदाबाद जेल में बंद आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई है। रविवार देर रात जेल में मर्डर केस में बंद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट नाम के कैदी ने उस पर नुकीली चीज से हमला किया। दोनों को हाई सिक्योरिटी वाली बैरक में एक साथ बंद किया गया था।

कत्ल का पता चलते ही जेल



अधिकारी बैरक में पहुंचे। इसके बाद आतंकी की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। 20 साल के आतंकी अब्दुल को गुजरात,ब्रस ने मार्च 2025 में पकड़ा था। जांच में पता चला कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (AQIS) के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था। उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी।

# पंजाब में लॉ छात्रा की हत्या कर सुसाइड किया

- तरनतारन में छात्र ने क्लासरूम में घुसकर सिर में गोली मारी; खुद को भी शूट किया

**तरनतारन,एजेंसी।** पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र ने क्लासरूम में घुसकर छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने वहीं पर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

मृतक छात्रा संदीप कौर (20) है, वह लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं आरोपी छात्रा तरनतारन का प्रिंसराज सिंह है, वह






भी छात्रा के साथ पढ़ता था। पुलिस ने लॉ कॉलेज को सील कर दिया है, साथ ही हत्या के कारणों की जांच कर रही है। वहीं लड़की की मां ने आरोप लगाया कि कॉलेज से उन्हें कहा गया कि छोटा सा झगड़ा हुआ और उनकी बेटी को चोट लगी है। वह कॉलेज पहुंचे तो बेटी मरी पड़ी थी। पुलिस के मुताबिक अभी घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। शुरुआती तौर पर इसे एकतरफा प्यार से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस को शक है कि युवक ने वेलेंटाइन वीक में 8 फरवरी को छात्रा को प्रपोज किया था लेकिन उसने इनकार कर दिया। जब छात्रा राजी नहीं हुई तो छात्र ने ये कदम उठाया।

# राजस्थान हाईकोर्ट बोला-2046 तक देश में बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग होंगे

## राजस्थान के सभी वृद्धाश्रमों की ऑडिट होगी, खाने की क्वालिटी से लेकर हर सुविधा जांची जाएगी

**जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान के सभी 31 वृद्धाश्रमों (ओल्ड एज होम) की जांच होगी। वहां रहने वाले बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं की हकीकत सामने आएगी। बुजुर्गों को मेडिकल की सुविधा मिल रही है कि नहीं, खाने की क्वालिटी, बिल्डिंग की स्थिति, साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा के इंतजाम कैसे हैं, इन सब बिंदुओं पर हाईकोर्ट ने 15 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है।

कोर्ट ने नाराजगी जताई राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने यह जिम्मेदारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को दी है। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि 2046 तक देश में बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग होंगे। इसके लिए हमारा सिस्टम तैयार नहीं है।

बेंच ने लोक उत्थान संस्थान की जनहित याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने राजस्थान में ओल्ड एज होम्स (वृद्धाश्रमों) की स्थिति को लेकर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने साफ कहा कि ये आश्रम सिर्फ कागजी औपचारिकता नहीं हो सकते,



बल्कि यहां रहने वाले बुजुर्गों को सम्मान, बेहतर चिकित्सा, सुरक्षा और मानवीय गरिमा के साथ जीने का हक मिलना चाहिए।

कोर्ट ने कहा- आधुनिक समाज ने बुजुर्गों को उपेक्षित बनाया कोर्ट ने भारतीय संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे यहां बुजुर्गों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, लेकिन आधुनिक समाज में संयुक्त परिवारों का टूटना, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली ने उन्हें असहाय और उपेक्षित बना दिया है।

कोर्ट ने कहा- वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल अब सिर्फ परिवार की नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी है। जनहित याचिका में वृद्धाश्रमों की खराब स्थिति को लेकर सवाल उठाए गए थे। बुनियादी सुविधाओं की कमी और लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से कोर्ट चिंतित अदालत ने कहा कि देश में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कोर्ट ने इस पर चिंता जताते हुए इसे खतरे की घंटी बताया। विभिन्न रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि 2022 में बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का करीब 10.5% थी, जो 2050 तक 20% से ज्यादा हो सकती है।

देश में 2046 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों से भी ज्यादा होगी। ऐसे में अगर अभी से ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो भविष्य में यह स्थिति सामाजिक संकट का रूप ले सकती है।

प्रदेश में 31 वृद्धाश्रम चल रहे सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राजस्थान में 31 वृद्धाश्रम चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ संख्या बताना काफी नहीं, वहां बुजुर्गों के लिए किस तरह की व्यवस्था है, यह देखना भी जरूरी है।

संस्थान की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता नितिन सोनी ने कोर्ट को बताया कि सरकार की लिस्ट में कई पुनर्वास केंद्रों को भी वृद्धाश्रम बताकर शामिल किया गया है, जबकि वास्तव में इतने आश्रम संचालित नहीं हो रहे।

# बीआरसी में सेवानिवृत्त व राज्य स्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 16 शिक्षक हुए सम्मानित

## शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते - बीईओ

दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)। प्रखंड संसाधन केंद्र एकमा के सभागार में ऐतिहासिक सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित कर वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्रारंभिक विद्यालयों में सेवानिवृत्त होने वाले व राष्टीय स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कुल 15 शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों आदि को अंगवस्त्र, फूलमाला व उपहार प्रदान भेंट कर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने किया। इस अवसर पर बीईओ योगेंद्र बैठा, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, एचएम सह शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, बीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, अजीत कुमार, अमितेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, अरुण कुमार यादव आदि अन्य मौजूद रहे।इस अवसर पर अपने संबोधन में बीईओ योगेंद्र बैठा ने कहा कि भले ही आप सभी अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। यह सेवा काल के दौरान एक सामान्य प्रक्रिया होती है। उन्होंने सुखद व स्वस्थ भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी यह अच्छी तरह से जानते हैं कि शिक्षक अपने जीवन भर शिक्षक के दायित्व से सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि अपने तैनाती वाले विद्यालयों में सेवानिवृत्त होने के बाद कुछ विद्यालयों के स्टाफ द्वारा उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी जाती है। जबकि कुछ शिक्षकों को इस सम्मान पूर्वक विदाई से वंचित रह जाना पड़ता था। इसलिए बीआरसी स्तर पर एक सत्र के दौरान सेवानिवृत होने वाले सभी शिक्षकों के लिए वर्ष 2023 से तत्कालीन बीईओ रागिनी कुमारी के द्वारा सम्मान पूर्वक विदाई समारोह की शुरुआत की गई है। वहीं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों के द्वारा इस तरह के आयोजन को ऐतिहासिक बताया गया। शिक्षकों ने कहा की बीईओ रागिनी कुमारी द्वारा इस तरह का प्रथम बार कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसे बीआरसी पर तैनात स्टाफ की मदद से मौजूदा बीईओ योगेंद्र बैठा जारी रखना काफी सराहनीय पहल है जिसके लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं। इस समारोह के दौरान सच्चिदानंद प्रसाद (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, मवि नवादा), भृगुनाथ साह (सेवानिवृत्त शिक्षक, मवि अतरसन), रामदर्शन राय (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मवि केशरी मठिया), अशोक शाही (सेवानिवृत्त शिक्षक, उमवि लौवारी), कमलेश प्रसाद सिंह (सेवानिवृत्त शिक्षक, कन्या मवि बेतवनिया), शहनाज बेगम (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक, कन्या प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर), गायत्री कुमारी (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, राजकीय बुनियादी विद्यालय रसूलपुर), यशोदा देवी (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापिका, उमवि असहनी), मंजू कुमारी (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापिका, प्रावि अठडिला), सुमन कुमारी (सेवानिवृत्त शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय छोटकी घुरापाली), पुष्पा सिंह (सेवानिवृत्त शिक्षिका, उमवि हरपुर), पूनम कुमारी (सेवानिवृत्त शिक्षिका, उमवि मानिकपुर), पूनम कुमारी (सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापिका, नवसृजित प्रावि चरपरैठी), अनिल सिंह (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, उमवि आमडाड़ी), को सेवानिवृत्त होने पर एवं अगले माह सेवानिवृत्त होने वाले विनोद कुमार सिंह (प्रधानाध्यापक, उकमवि बनपुरा) को अग्रिम रूप से और प्रियंका द्विवेदी (शिक्षक, नप्रावि रामपुर मठिया) को नवाचार के उत्कृष्ट प्रदर्शन को राज्य स्तर पर प्रतिभा करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्ति पर सामूहिक रुप से बीईओ योगेंद्र बैठा व बीआरसी स्टाफ परिवार के द्वारा ऐतिहासिक रूप से भावभीनी विदाई दी गई।



## अल्माटी कजाखस्तान में मढ़ौरा के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** सारण जिले के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार को कज़ाखस्तान अल्माटी में वर्ल्ड होम्योपैथिक सबमिट अवार्ड से सम्मनित किया गया। केंट लेबोरेट्री केंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल हाजीपुर के द्वारा वर्ल्ड होम्योपैथिक समिट का आयोजन कज़ाखस्तान स्थित कैस्पियन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मेडिसिन, अल्माटी में गत 6 फरवरी को आयोजित हुआ।जिसमें कैस्पियन यूनिवर्सिटी के डॉ.(प्रो.) अंबेक सईद वॉयस चांसलर के द्वारा डॉ. मुकेश कुमार को होम्योपैथिक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। बताते चलें की इससे पहले भी डॉक्टर मुकेश को दुबई, मलेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल आदि देशों में अन्तर्राष्टीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. मुकेश कुमार लंबे समय से होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इस उपलब्धि से न केवल छपरा जिला, बल्कि पूरे बिहार के चिकित्सक समुदाय में हर्ष का माहौल है। स्थानीय होम्योपैथिक चिकित्सकों और गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया है।

## बिजली चोरी को लेकर 6 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के नायगांव थाना क्षेत्र डुमरी बुजुर्ग व नयागांव में सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश में विधुत विभाग के कर्मी सुजीत कुमार, गौतम कुमार,नरेंद्र कुमार व मानव बल द्वारा चोरी से बिजली जलाने के लेकर छापेमारी की गई। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विधुत अभियंता रुपेश कुमार ने सोमवार को बताया कि विभिन्न गांव में छापामारी के दौरान 6 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं जिसमें 1- रेणु देवी पति ललित सिंह घर डुमरी बुजुर्ग वार्ड 9 के यहां विद्युत बकाया ? 13514/- था जिसे विद्युत विच्छेद कर दिया गया था इन्होंने चोरी से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए इससे विभाग को ? 49977/- की क्षति हुई है. इनके ऊपर कुल ? 63191/- पर वसूली करनी है - 2- राम किशोर राम पिता स्वर्गीय बूंदी लाल घर डुमरी बुजुर्ग वार्ड 5 के यहां ? 10216/- बकाया राशि था. जहां विभाग ने विद्युत विच्छेद कर दिया था. जहां राम किशोर राम ने मीटर की उपमार्ग कर दूसरे वायर के द्वारा अवैध रूप से विद्युत का उपयोग कर रहा था.इससे विभाग को ? 10225/- रुपए की क्षति हुई है. इनके ऊपर कुल ? 20441 /- की वसूली करनी है। 3-चन्द्रदीप राम - पिता अमरजीत राम घर डुमरी बुजुर्ग वार्ड 6 इन्होने चोरी से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए जिससे विभाग को ? 9847 /- रुपए की क्षति हुई. क्षतिपूर्ति के लिए नयागांव थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। 4--देवनाथ राम - पिता स्व गोपी राम घर डुमरी बुजुर्ग वार्ड 6 के यहां बकाया राशि ?26833/- था जहां विद्युत विच्छेद कर दिया गया था.बिना पैसा जमा किए हुए चोरी से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए इससे विभाग को कुल ?9847/- की क्षति हुई उनके ऊपर ?36680/- रुपए की वसूली के लिए थाने में प्राथमिक की दर्ज दी गई की गई है 5-- सिकंदर शाह पिता बद्री शाह घर नयागांव वार्ड नंबर 3 उनके घरेलू परिषद विद्युत का भार 309 वॉट पाया गया इन्होंने अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए पकड़े गए इससे विभाग को विभाग को ?11703/- की क्षति हुई इसके खिलाफ नयागांव थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है. 6-- सीमा जानकी देवी पति रामप्रवेश हाजरा नयागांव वार्ड 4 उनके यहां विद्युत बकाया राशि ? 2839/- रुपया था जहां विद्युत विच्छेद विभाग द्वारा कर दिया गया था. इन्होंने चोरी से विद्युत का उपयोग करते हुए पकड़े गए.इससे विभाग को ? 10996/- की क्षति हुई है इनके ऊपर कुल ?13835/- रुपए की वसूली करने के लिए नयागांव थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है।

कनीय विद्युत अभियंता रुपेश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी करने के आरोप में कुल 6 लोगों के ऊपर प्राथमिक की दर्ज की गई है.बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## सोनपुर में इंटर परीक्षा क़े दोनों पालियो में छठे दिन कुल 41 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** इंटरमीडिएट परीक्षा क़े छठे दिन सोनपुर के 6 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को हिंदी जब कि दूसरी पाली में इतिहास क़े परीक्षा हुई है. प्रथम पाली में 2598 में से 19 अनुपस्थित जबकि 2579 परीक्षार्थ परीक्षा दी जबकि दूसरी पाली में 1704 में से 22 अनुपस्थित रहे 1682 छात्रों ने परीक्षा दी। 6 परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित और अनुशासित माहौल मिला। उक्त बात की जानकारी देते हुए सोनपुर एसडीओ सगिंधा नेहा ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से सभी 6 परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई। क्योंकि जांच पड़ताल के दौरान किसी भी केंद्र पर कोई भी परीक्षार्थी कदाचार में संलिप्त नहीं पाए गए।

## टेम्पू के ठोकर से घायल वार्ड सदस्य युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना ने न सिर्फ एक युवक की जान ले ली, बल्कि इलाके की आपात चिकित्सा व्यवस्था और सड़क सुरक्षा की हकीकत भी उजागर कर दी। मोटरसाईकिल से गोला बाजार से घर लौट रहे चित्रसेनपुर प्रावेजाबाद निवासी प्रेम कुमार (32) रविवार की देर शाम ह॥ 19 चित्रसेनपुर मोड़ के पास जैसे ही पहुंचा वैसे ही पटना से हाजीपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार से सीएनजी टेंपो ने ठोकर मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया, जिसके कारण उसका सर और नाक फट गया और पैर टूट गई। जिसके कारण से वह बुरी तरह से घायल हो गय. वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के बाद मौके के फायदा उठाकर टेंपो चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते परिजनों ने रोते विलखते हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने बिना देर किए उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर ले गया जहां डॉक्टर ने उसे हाजीपुर रेफर कर दिया. जहाँ हाजीपुर पहुंचने के बाद भी वहां नाजुक हालत देखकर डॉक्टर ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। पटना पहुंचने के बाद रविवार के रात्रि में पहलेजा शाहपुर दियारा के 11नम्बर वार्ड सदस्य प्रेम कुमार के मौत हो गई. युवक की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को शव घर पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने सोनपुर बाईपास ह॥ 19 को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। आक्रोशित लोगों का कहना था कि जब से जेपी सेतु बनी है तब से पटना से जो भी टेम्पू या मोटर साईकिल चालक सोनपुर की ओर आती है। वह वाहन अधिनियम के दुरुपयोग करते हुए तेज रफ्तार से गाड़ी का परिचालन करते हैं और अचानक रुकना, मोड़ना हर तरह के परिवहन विभाग के नियमों का उल्लंधन करते हुए वाहन चलाते हैं. ऐसे में स्थानीय प्रशासन क़ो समय-समय पर वाहन चालकों के चेतावनी देने और उसे दंडित करने की जरूरत है। आक्रोषित लोगो के कारण सड़क जाम से कुछ समय तक हालात बेकाबू रहे और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही सोनपुर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया और हादसे की निष्पक्ष जांच तथा उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया और यातायात बहाल हो सका। मृतक के पिता जय गोपाल राय ने बताया कि मृतक प्रेम कुमार के तीन संतान है. जिसमें बड़ा लड़का 10 वर्ष दूसरा 7 वर्ष 4 वर्ष की लड़की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि पीड़ित के तरफ से अभी कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है.आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रह्मकुमारी पाठशाला से निकली भव्य शोभायात्रा



दैनिक खोज खबर/सोनपुर। शिवरात्रि के पावन अवसर पर तीन दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन दिनांक 9.2 से 11.2.26 तक परमानंदपुर पोखर स्थित से किया गया.जिसमें ब्रह्म कुमारी पाठशाला से ब्रह्मकुमारी दीदियों द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक शोभायात्रा सोमवार क़ो निकाली गई। यह शोभायात्रा परमानंदपुर मिडिल स्कूल शिवपुरी अब्दलाही रहीमपुर सितारगंज से होते हुए पूरा ब्रह्मकुमारी पाठशाला पर संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में सैकड़ो भाई बहनों ने भाग लिया.जिसमें प्रखंड प्रमुख के द्वारा शिव ध्वजारोहण किया गया। शोभायात्रा में भगवान शिव की झांकी, शांति, पवित्रता एवं आत्मिक जागरण का संदेश देती आकर्षक झांकियाँ शामिल रहीं। ब्रह्मकुमारी दीदियों ने राजयोग ध्यान, आत्मशुद्धि और विश्व शांति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। पूरे मार्ग में ÷ओम शांति÷ के उद्घोष, भक्ति गीतों और आध्यात्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी के संचालिका रीमा बहन ने बताया कि शिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का महापर्व है। शोभायात्रा का उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों, शांति और सद्भावना का प्रसार करना है। नगरवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक और शांतिदायक बताया। इस मौके पर ब्रह्म कुमारी के रविंद्र भाई शंकर सुरेश बच्चे सही सैकड़ो लोगों ने ओम शांति के नारा लगाया जिसमें मोहनी कुमारी ने नृत्य प्रस्तुत करते हुए आगे की ओर बढ़ते रहे. शोभा यात्रा देखकर सभी श्रद्धालुओं के मन प्रसन्नचित नजर आए।

## एक साल से फरार दुष्कर्म आरोपी पकड़ा गया

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** एक गाँव के दुष्कर्म के एक चर्चित मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोनपुर थाना पुलिस की सतर्कता और गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में आरोपी को दबोचते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार क़ो बताया कि गिरफ्तार आरोपी गोविंदचक निवासी शुभम कुमार है, जिसके खिलाफ पीड़ित ने पिछले वर्ष सोनपुर थाने में दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदल रहा था। थाना अध्यक्ष ने बताया कि कानून के उल्लंघन या अपराध करने वाले कोई भी हो उसे सजा मिलना तय है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच अभी जारी है और इससे जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## मुजफ्फरपुर में प्राइवेट अस्पताल में प्रसूता की मौत,परिजनों का हंगामा

**मुजफ्फरपुर एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन भड़क गए। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल में तोड़फोड़ भी की गई। घटना बेला थाना क्षेत्र की है।

**ऑपरेशन के दौरान बिगड़ी तबीयत :** मृतका की पहचान काजल देवी(26) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार दोपहर को डिलीवरी के लिए एडमिट कराया था। एक परिचित की सलाह पर यहां लेकर आया था। एडमिट करने के बाद डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन करना होगा। ऑपरेशन के दौरान काजल की हालत बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। लापरवाही से ही मौत हुई है।

**ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर में तोड़फोड़ :** आरोप है कि अस्पताल कर्मियों से मौत का कारण पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। स्टाफ उनसे उलझ गए। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर में तोड़फोड़ की। हालात बेकाबू होते देख डॉक्टर और स्टाफ मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर बेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि एक महिला की प्रसव के दौरान मौत की सूचना मिली थी। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (स्यस्ष्ट॥) भेज दिया गया है। आवेदन मिलने का इंतजार है। प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बगहा पुलिस ने दस लाख मूल्य का गाजा किया जब्त



**बगहा,एजेंसी।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 8.280 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। साथ ही तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल कुमार ने बताया कि पुलिस जिला बगहा के भितहा थाना को गुप्त सूचना मिली कि भितहा थाना क्षेत्र अंतर्गत विनाही चेक पोस्ट की ओर भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा का तस्करी होने वाली है, इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को देते हुए विनाही चेक पोस्ट पर एंबुस लगा के वाहन चेकिंग किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान 8.280 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा और दो मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल बरामद की गई और तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर भितहा थानाध्यक्ष के द्वारा कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि देश के प्रमुख शहरों में, 1 किलो गांजा की कीमत 30 हजार से लेसकर 1.2 लाख तक हो सकती है, जो विविधता पर निर्भर करता है ,जैसे 'शीलावती' जैसी लोकप्रिय किस्मों की कीमत अधिक होती है,इस हिसाब से, 8 किलो की कीमत लगभग 2.4 लाख से 9.6 लाख रूपये तक हो सकती है।



# अजीत पाण्डेय के गुणों का अन्य शिक्षक अनुशरण करें-पूर्व बीईओ

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** शिक्षक का काम है पढ़ना और पढ़ाना। एकल शिक्षा प्रणाली लागू करने की आवश्यकता है।हम केवल मांग नही करते कर्तव्य बोध की भी बात करते है। उक्त बाते परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेन्द्र बहादुर सिंह ने अमनौर प्रखण्ड के आदर्श मिडिल स्कूल तकेया में आयोजित सेवानिवृत एचएम अजीत कुमार पाण्डेय की विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। अमनौर के पूर्व बीईओ जगदीश भगत ने कहा कि सभी शिक्षक समय का अनुपालन जरूर करे।पूर्व बीईओ विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने कहा कि अजीत पाण्डेय की वाग्मिता, इमानदारी व वाकपटुता से सभी वाकिफ है।इनके गुणो का अनुकरण अन्य शिक्षक जरूर करे। पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा कि गुणवत्ता के कारण तकेया स्कूल आदर्श स्कूल बना।अजीत पाण्डेय से अन्य शिक्षक सीख लें? आगत अतिथियो का स्वागत करते हुए एचएम शिवदयाल शर्मा ने कहा कि आदर्श मिडिल स्कूल तकेया का आए सभी शिक्षकों व अतिथियो का बारंबार स्वागत है।विद्यालय के चहुंमखी विकास के लिए निरंतर काम करते रहेंगे इसमे विद्यालय के शिक्षकों की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। समारोह को मुख्य रूप से अमनौर बीईओ विमला कुमारी, पूर्व प्राचार्य अजीत पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य महात्मा प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश पंडित, ठाकुर राय, पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव, पूर्व एचएम उषा कुमारी, रामकिशोर राय, कन्हैया पंडित, सुदर्शन राय, अल्पना मिश्रा, एचएम अमृता कुमारी, अनंतदेव हरिवंशी, धर्मेन्द्र कुमार, एचएम हरिशंकर प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, बीरेन्द्र राय, रामजी साह, धीरेन्द्र वर्मा आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता अम्बिका राय व मंच संचालन शिक्षक सुरेश रंजन व स्वागत भाषण एचएम शिवदयाल शर्मा ने किया।



## बाल विवाह मुक्त समाज के लिए मशरक में जागरूकता रथ

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भारत सरकार व नारायणी सेवा संस्थान के तत्वावधान में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर बाल विवाह मुक्ति रथ मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर (बाल विवाह) अखिलेंद्र सिंह, बंगरा उप मुखिया शिव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को थाना परिसर से क्षेत्रों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। इसमें माता-पिता के साथ-साथ विवाह में सहयोग करने वाले रिश्तेदारों पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। कानून के तहत दोषी पायेक जाने पर दो वर्ष तक की सजा या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं।

## अंधे की बेटी की शादी में एनजीओ फाउंडर ने दिया मदद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कवलपुरा मठिया गांव अवस्थित एनजीओ देसिक वेलफेयर फाउंडेशन के फाउंडर विपिन पांडेय ने आंख से अंधे शख्स की लडकी की शादी में मदद की। बताया गया कि डीह छपिया गांव निवासी आंख से अंधे शख्स की लड़की की शादी थी,वह परिवार की दयनीय स्थिति से परिवार परेशान था। बताया जाता है कि वह दिल्ली में राजमिस्त्री का काम करता था वहीं पर गिरने की वजह से सर में चोट लगी और उसकी आंखों की रोशनी चली गई। एनजीओ फाउंडर विपिन पांडेय ने बताया कि लड़की की शादी में कपड़े और नगदी सहायता की गयी।

## वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, परिजनों में छाया मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में सोमवार की शाम गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए वृद्ध को भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तरैया थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव निवासी 60 वर्षीय विधा राय हैं। परिजनों ने बताया कि अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## अपनी जान पर खेलकर साहसी युवक ने पोखरे में डूब रहे दो मासूमों की बचाई जान

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के गोंढा गांव स्थित पोखरा में सोमवार की दोपहर डूब रहे दो मासूम बालकों की जान ग्रामीणों की तत्परता से बच गई। ग्रामीणों द्वारा दोनों बालकों को तत्काल मांझी (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को छपरा रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों बच्चे फिलहाल खतरे से बाहर हैं। घटना के प्रत्यक्षदर्शी रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि वह सोमवार को दाउदपुर से सन्यासी बाजार के रास्ते मांझी आ रहे थे, तभी उन्होंने पोखरे में दो बच्चों को डूबते देखा और बिना देरी किए वे पानी में कूद पड़े तथा दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों बालकों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया। हालांकि चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पोखरे में डूब रहे दोनों बालक धरणी दास के मठिया मोहल्ला निवासी क्रमशः सलीम अंसारी के चार वर्षीय पुत्र अरशद अली तथा मोजिम अंसारी की ढाई वर्षीय पुत्री सफा बताए जाते हैं। परिजनों ने बताया कि खेलते खेलते दोनों पोखरे तक पहुंच गए थे तथा पैर फिसलने के बाद पोखरे के गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब रहे थे।

## पैर में लगी ठेस, गिरकर मोमोज विक्रेता की हुई मौत

**पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के भोरहा क्वार्टर बाजार के समीप सोमवार की शाम घटित एक हृदयविदारक घटना में मोमोज विक्रेता की मौत हो गयी. मृतक भोरहा गांव निवासी दशरथ महतो का 40 वर्षीय पुत्र अरविंद महतो बताया जाता है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि अरविंद रोजाना क्वार्टर बाजार में ठेला लगाकर मोमोज एवं फ़ास्टफूड बेचता था. सोमवार की शाम चार बजे वह ठेला लेकर बाजार जा रहा था. इसी दौरान ठेस लगने से वह गिर पड़ा और उसकी मौत हो गयी.घटना की जानकारी होते ही बाजार के दुकानदारों एवं ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी. अरविंद के मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गयी. मृतक की छह अविवाहित पुत्रियां हैं.उनके करुण चीत्कार से उपस्थित हर किसी की आंखे नम हो जा रही थी. घटना की सूचना मिलते ही जिलापार्षद रत्नेश कुमार भास्कर, मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो, कौशल किशोर सिंह, अनिल मल्होत्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया.

## मशरक में प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर में सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मातृत्व शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर और प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आई सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। डॉ. चन्द्रशेखर सिंह और डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने बताया कि इस अभियान के तहत हर माह की 9, 15 और 21 तारीख को गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका विशेष उपचार सुनिश्चित किया जाता है। डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि गर्भावस्था की पहली तिमाही में हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, एचआईवी और अल्ट्रासाउंड की जांच अनिवार्य है ताकि किसी भी जटिलता का समय रहते पता लगाया जा सके।

## गहमागहमी के बीच हुई मशरक बीडीसी की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड पंचायत समिति की बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर के प्रतिनिधि सभागार मे हुई। प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे बीडीओ पंकज कुमार, बीपीआरओ, मनरेगा पीओ, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, मुखिया धर्मेन्द्र कुमार मांझी, नसीमा खातून, बीडीसी पारसनाथ सिंह, रीना देवी, रामावती देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में अधिकांश प्रतिनिधि के बदले प्रतिनिधि पति शामिल हुएं। बैठक में मनरेगा,बिजली ,स्वास्थ्य, जनवितरण समेत अन्य योजनाओं पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मुखिया और बीडीसी के अधिकार क्षेत्र को लेकर गहमा-गहमी हुई।बैठक के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने 10 फरवरी से चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जानकारी दी और सभी जन प्रतिनिधियों से कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग की अपील की गयी।

## बाल विवाह मुक्त समाज के लिए मशरक में जागरूकता रथ

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भारत सरकार व नारायणी सेवा संस्थान के तत्वावधान में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर बाल विवाह मुक्ति रथ मशरक नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर (बाल विवाह) अखिलेंद्र सिंह, बंगरा उप मुखिया शिव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को थाना परिसर से क्षेत्रों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। इसमें माता-पिता के साथ-साथ विवाह में सहयोग करने वाले रिश्तेदारों पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। कानून के तहत दोषी पायेक जाने पर दो वर्ष तक की सजा या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं।

## ज्वेलरी शॉप लूट मामले में एफआईआर दर्ज, क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज, दहाशत में दुकानदार

**नितेश कुमार सिंह दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर स्टेट बैंक के सामने वाली गली मे बीते रविवार को दिनदहाड़े सरेआम हथियार बंद पांच अपराधियों द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामले में सोमवार को पीड़ित दुकानदार ब्रिज बिहारी लाल गुप्ता के आवेदन पर मांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमे पीड़ित दुकानदार ने कहा है कि 08 फरवरी 2026 को करीब करीब 12.48 बजे वह अपने छोटे पुत्र अरुण गुप्ता के साथ दुकान के अंदर मौजूद थे। इसी दौरान तीन युवक दुकान में दाखिल हुआ और अचानक पिस्टल निकालकर तान दिया। इसके बाद पीछे से दो अन्य अपराधी भी दुकान में घुस आए और हथियार के बल पर सबको बंधक बनाकर लॉकर से लगभग 6 किलो चांदी लूट कर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। उक्त मामले मे फिलहाल एसआईटी का गठन किया गया है। सोमवार की दोपहर घटनास्थल पर पहुंची एसआईटी व एसटीएफ की टीम ने घंटो भर गहन छानबीन की। तथा आस पास के चौक चौराहो की जानकारी लीं। साथ ही मौके पर पहुंची डियाउ की टीम ने भीं जांच पड़ताल की। वही घटना के बाद से ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल के अलावे गली मोहल्ले मे लगातार गस्त कर रही है। वर्तमान मे स्थिति समान्य है। प्रशासन के समझाने के बाद दुकानदार अपने दुकान को खोले हुए थे। हालांकि ऐसे ग्रामीण इलाका मे वर्षो बाद इतनी बड़ी लूट की घटना मे सबको आहत मे डाल दिया है। आसपास के ज्वेलरी दुकानदारों मे अभी भीं दहशत का माहौल है। साथ ही ग्रामीणों का कहना है की स्थानीय पुलिस चौकी को अपग्रेड कर पुलिस पदाधिकारी को तैनाती की जाय जिससे हमसब निडर होकर पुनः अपना दुकान चला सके। साथ ही घटना के बाद से ही लोगो का आना जाना लगातार जारी है। घटनास्थल पर पहुचे एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह के पुत्र संदीप सिंह उर्फ मनु सिंह ने दुकानदार से घटना की जानकारी लीं और मामले मे प्रशासन से बात कर जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिए। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय आलोक उपाध्याय रामजी प्रसाद सहित विभिन्न लोगो मौजूद रहे।



## मशरक के चिकित्सक 'होम्योपैथी रत्न अवार्ड' से सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के स्टेशन रोड निवासी मां मानकी होम्योपैथिक के प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ राम प्रकाश, निदेशक को विश्व प्रसिद्ध कैस्पियन विश्वविद्यालय कजाकिस्तान द्वारा ÷होम्योपैथी रत्न अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया है।यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा, नवीन शोध तथा रोगियों को प्रभावी एवं सुरक्षित उपचार प्रदान करने हेतु उनके विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान से सम्मानित होने पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, चन्द्रमा सिंह, प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाधार सिंह, भाजपा नेता बीरबल प्रसाद कुशवाहा, कुमार रजनीश उर्फ झुनना पांडेय समेत अन्य ने बधाई दी। डॉ. राम प्रकाश ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने मरीजों के विश्वास, समर्पित सेवा भावना एवं होम्योपैथी के आधुनिक एवं वैज्ञानिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य होम्योपैथी को नई सोच, उन्नत शोध एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है।




## लूट की दो घटनाओं का उद्भेदन, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में लूट की दो घटनाओं का सफल उद्भेदन किया गया है। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और दो मोबाईल बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि बीते 06 फरवरी की रात दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों से लूट की गई थी। पहले मामले में कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति से 8000 रुपये और एक मोबाईल लूट लिया गया था, जबकि दूसरे मामले में राजा कुमार साह नामक व्यक्ति से एक मोबाईल लूट लिया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी टीम ने वैज्ञानिक और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त मनीष कुमार यादव (24 वर्ष) पिता डोमन यादव उर्फ रामू यादव ग्राम मरंगी, मो. शाहिद (22 वर्ष) पिता मो. भोला ग्राम हफला रोगनी चैक दोनों थाना मनसाही और मो. तौसीफ (19 वर्ष) पिता मो. फिरोज ग्राम मखदुमपुर बाबू टोला थाना मुफ्फसिल सभी जिला कटिहार के निवासी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार

## रेलवे ट्रैक सुरक्षा बढ़ाने को लेकर सुरक्षित की गई अनधिकृत क्रॉसिंग

**भागलपुर,एजेंसी।** आरपीएफ पोस्ट भागलपुर और इंजीनियरिंग विभाग, मालदा मंडल के अधिकारियों और कर्मचारीयों के संयुक्त अभियान के दौरान, तीन- और चार-पहिया वाहनों वाली अनधिकृत क्रॉसिंग को सफलतापूर्वक सुरक्षित किया गया। साथ ही दो- और तीन-पहिया वाहनों वाली अनधिकृत क्रॉसिंग को बैरिकेड किया गया और पहुंच मार्गों को बंद करके अवैध वाहन आवागमन रोका गया, जिससे यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। इसके अतिरिक्त, धौनी-बाराहाट रेलवे लाइन के पास छह अनधिकृत झोपड़ियाँ हटाई गईं । संवेदनशील स्थानों पर ट्रेंचिंग एवं बैरिकेडिंग का कार्य जारी है, ताकि ट्रैक सुरक्षा और मजबूत हो सके। उल्लेखनीय है कि मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा रेल सुरक्षा और अवांछित घटनाओं की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं।

शान्ति ! शान्ति !

**शोक संदेश**

मान्यवर,

असहनीय दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्म पत्नी का स्वर्गवास दिनांक-30.01.2026 रोज शुक्रवार को हो गया!

*जिनका श्राद्ध संस्कार तथा ब्रह्म-भोज दिनांक-11.02.2026 रोज* बुधवार को *होगा।*

अतःआप महानुभावों से विनम्र निवेदन है कि उक्त अवसर पर पधार कर उनकी आत्मा को शान्ति-प्रदान कर हमें अनुगृहित करें!

प्रार्थीः-
सुरेन्द्र सिंह
(डीलर)
ग्राम-विक्रमपुर पो0-कर्णपुरा
था0-मढ़ौरा जि0-छपरा
मो0-9608915426

शोकाकुलः-
अर्जुन सिंह, अनुज कुमार सिंह,
नीरज कु0 सिंह, धीरज कुमार,
रूपेश कुमार, शौर्य कुमार,
धैर्य कुमार, एवं समस्त सिंह परिवार



# अजमते कुरान कांफ्रेंस में छह छात्रों की हुई दस्तारबंदी



**परवेज अख्तर/सीवान।** लकड़ी नबीगंज प्रखंड के शरीफ जलालपुर में रविवार की रात आयोजित अजमते कुरान कांफ्रेंस में प्रदेश के विभिन्न इलाकों से पहुंचे मौलवी मौलाना ने आपसी भाईचारा और दहेज लेना और नहीं देना दोनों पर विराम लगाने की दी नसीहत। इस दौरान अकीदतमंदों से देश की एकता और अखंडता के लिए कृत संकल्पित होने का आह्वान किया। इस मौके पर जामे उल ओलूम शरीफ जलालपुर मदरसे से उत्तीर्ण हाफिज की डिग्री प्राप्त करने वाले छह छात्रों को कांफ्रेंस में दस्तारबंदी की गई तथा उन्हें प्रमाण पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य मोहम्मद अबुलेंस और मौलवी मौलानाओं ने कहा कि इस्लाम भाईचारी का संदेश देता है। इस मौके पर पूरी रात लोग कुरान पढ़ते रहे। मौलानाओं ने समाज में भाइचारगी का संदेश दिया और शिक्षा पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मोहम्मद आबूलेश तथा संचालन मदारपुर मदर डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक सह कमेटी सचिव मोहम्मद नईम साहेब ने किया। इस मौके पर मोहम्मद अनीस आलम, कैशर रजा, नईमी शायर सरफराज अहमद, नौशाद अहमद छपरहवी, असलम शिवानी, स्थानीय मौलाना फैजान अहमद आदि उपस्थित थे।

## गुठनी-साइड लेने के क्रम में निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे गिरे बाइक सवार

**परवेज अख्तर/सीवान।** गुठनी थाना क्षेत्र के गुठनी- मैरवा मुख्य सड़क पर करेजी गांव के समीप रविवार की देर शाम रामजानकी पथ के निर्माण को लेकर खोदे गए पुलिया के गड्ढे में गिरकर बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। मृतक की पहचान भलुई निवासी बिगन राम के पुत्र अरविंद राम( 23 ) तथा दीना राम के पुत्र दीपक राम( 25 ) के रूप में हुई जबकि घायल की पहचान बिगन राम के दूसरे पुत्र चंदन राम( 26 ) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं सोमवार की सुबह जब दोनों युवकों का शव उनके गांव पहुंचा तो आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया तथा मृतक के स्वजनों को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। बाद में पदाधिकारियों के समझा-बुझाने के बाद सड़क जाम हटा। सड़क जाम करीब 10 बजे से दो बजे रहा।बताया जाता है कि रविवार की देर शाम भलुई निवासी अरविंद राम अपने मझले भाई चंदन व चचेरे भाई दीपक राम के साथ बाइक से अपने पिता बिगन राम को खाना पहुंचाने टेकनिया ईंट-भट्ठा पर जा रहे थे। उसी क्रम में रामजानकी पथ पर करेजी गांव समीप बन रहे पुलिया के पास सामने से आ रहे ट्रक से साइड लेने के दौरान अनियंत्रित होकर तीनों पुलिया से नीचे गड्ढे में गिर गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने डायल 112 को काल करते हुए तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुठनी पहुंचाया जहां चिकित्सक ने अरविंद राम तथा दीपक राम को मृत घोषित कर दिया जबकि बिगन राम के दूसरे पुत्र चंदन राम की स्थिति गंभीर बता सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष रौशन कुमार अस्पताल पहुंचकर दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद सुबह शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

## बच्ची से छेड़खानी के आरोप में वृद्ध की हुई पिटाई

सिवान जंक्शन स्थित फुट ओबर ब्रिज पर सोमवार की सुबह एक बच्ची से छेड़खानी के आरोप में यात्रियों ने एक वृद्ध की पिटाई कर दी। पिटाई की सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने उक्त व्यक्ति अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद जीआरपी ने जांच कर उक्त वृद्ध को छोड़ दिया। हालांकि इस मामले में किसी ने कोई भी आवेदन थाना पर नहीं दिया। जीआरपी थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने बताया कि एक महिला ने एक वृद्ध आरोप लगाया कि उसकी बच्ची के साथ छेड़खानी हुई है। वे नशे में है। जिसके बाद शराब की जांच कराई गई लेकिन उक्त वृद्ध शराब के नशे में नहीं था। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वहीं उक्त महिला ने थाना में कोई भी आवेदन नहीं दिया। जांच कर वृद्ध कर छोड़ दिया गया।

## आपरेशन अमानत के तहत यात्री का बैग बरामद

**सिवान।** आरपीएफ ने आपरेशन अमानत के तहत एक यात्री का ट्रेन से बैग बरामद कर उसे सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि सूचना बल पोस्ट पर प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 18629 के आगे से स्लीपर के पहले, दूसरे व तीसरे किसी एक कोच में एक यात्री का काले रंग का बैग छूट गया है। उपरोक्त सूचना प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय को बताया गया। उक्त बैग प्राप्त कर पोस्ट पर लाकर सुपुर्द किया। जिसकी सूचना ड्यूटीरत कंट्रोल स्टाफ को नोट कराया गया। बैग के स्वामी महाराजगंज निवासी संध्या कुमारी पोस्ट पर उपस्थित हुई। सही पाए जाने के उपरांत बैग सुपुर्द किया गया।

## एक घंटे का ब्लाक लेकर किया गया फुट ओवर ब्रिज का काम

**सिवान।** सिवान जंक्शन पर बनाए जा रहे फुट ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर रविवार को एक शिफ्ट में लगभग एक घंटे का मेगा ब्लाक लगाया गया। इस दौरान फुट ओवरब्रिज का कार्य किया गया। कार्य के दौरान वाराणसी मंडल के पदाधिकारी के साथ सिवान स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह, आरपीएफ व जीआरपी के पदाधिकारी व जवानों सहित अन्य पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे, जिसे कार्य में कोई भी परेशानी नहीं हुई। वहीं ट्रेनों के परिचालन भी बाधित नहीं हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि सिवान जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो व तीन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है। इस दौरान रविवार की शाम 06-15 से एक घंटे का पहला ब्लाक लगाया गया, जो 07-15 शाम तक रहा। इसके बाद पिलर चढ़ाने का काम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इस कारण अप और डाउन लाइन ब्लाक किया गया था।

## सीवान- पुलिस पदाधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने उपस्थित 15 लोगों की फरियादें सुनी। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## 22 वारंट एवं दो कुर्की का किया गया निष्पादन

**सिवान।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिला पुलिस लगातार सक्रिय कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 43 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 43 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 43 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 36, आर्म्स एक्ट के कांड में तीन, लूट के कांड में एक व विविध कांड में चार गिरफ्तारी की गई। वहीं 361.80 लीटर देसी शराब व 1006.38 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 22 वारंट व दो कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 41 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

## 19 मार्च से शुरू होगा जन्म महोत्सव कार्यक्रम

**सिवान।** शहर के गांधी मैदान में 19 मार्च से राम जन्म महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। 27 मार्च को भगवान राम की शोभा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होगी, जो नगर के निर्धारित मार्गो से होकर पुन- गांधी मैदान में समाप्त होगी। कार्यक्रम को लेकर शहर के राजेंद्र पथ स्थित भृगुनाथ भवन पर सोमवार को श्रीराम जन्म महोत्सव न्यास की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए न्यास के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता सुनील दत्त शुक्ला ने कहा कि शहर के गांधी मैदान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से रामनवमी तक श्रीराम जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने 19 मार्च से नियत समय से पूजन, यज्ञ स्थल की परिक्रमा, रामायण पाठ फिर दो सत्रों में प्रवचन के कार्यक्रम से लोगों को अवगत कराया। बताया कि प्रत्येक दिन प्रातः कालीन पूजन एवं मानस का नवाहन पाठ तथा दिन एवं रात्रि में प्रवचन का कार्यक्रम होगा। मौके पर पीपी प्रमिल कुमार (गोप बाबू), शिवनाथ सिंह, विवेक लाल, ध्रुव, बबलू सरैया, राजेंद्र कुमार, शौर्य राज, सूर्यांश कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, संजय जयसवाल, विजय कुमार गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

## संघमित्रा पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

सिवान -शहर के मैरवा रोड स्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल प्रांगण में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल विदाई का अवसर था, बल्कि स्मृतियों, आशीर्वादों और सपनों की उड़ान का उत्सव भी बना। इस संपूर्ण समारोह की योजना, सजावट और संचालन का दायित्व कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अत्यंत जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाया। रंग-बिरंगी सजावट, सुव्यवस्थित मंच, मधुर संगीत और सुसंस्कृत मंच संचालन ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठों के प्रति सम्मान और स्नेह को हर क्षण में जीवंत किया। विद्यालय की प्रचार्या नवोनीता घोष ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत है। वहीं विद्यालय के सर्वे सचिव मणीष प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## ट्यूनिंग आफ स्कूल कार्यक्रम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को मिल रहा नया आयाम- डा. जितेश

सिवान -शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर जब अनुभव, संवाद और व्यवहारिक सीख से जुड़ती है तब विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। इसी उद्देश्य को लेकर आयोजित ट्यूनिंग आफ स्कूल कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। यह बातें दारौंदा प्रखंड के धनौती स्थित दक्ष बीएससी नर्सिंग कालेज के निदेशक डा. जितेश कुमार सिंह ने कही। सोमवार को ट्यूनिंग आफ स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय हरपुर कोटवा हसनपुरा के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने दक्ष बीएससी नर्सिंग कालेज का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने कालेज की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन प्रणाली, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं विभिन्न विषयों में अपनाई जा रही आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का अवलोकन किया। निदेशक डा. जितेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद को बढ़ावा देना, अनुभव साझा करना और उन्हें शैक्षणिक नवाचारों से जोड़ना है। नर्सिंग कालेज की शिक्षिका रोक्रैया आज़म ने छात्रों को आधुनिक शिक्षण विधियों, पाठ्यक्रम आधारित गतिविधियों एवं अनुशासनात्मक ढांचे की विस्तृत जानकारी दी। छात्र- छात्राओं के साथ उच्च माध्यमिक विद्यालय हरपुर कोटवा के राजेश कुमार, विद्यालय प्रधानाचार्य शिक्षक आकाश चतुर्वेदी जय प्रकाश, बृजभूषण यादव, पिंकी कुमारी समेत 40 छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

## भागवत कथा श्रवण करने से मन का होता है शुद्धिकरण

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर के दुर्गा चौक नखास स्थित बड़ी देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पहुंची कथावाचिका श्याम किशोरी ने अपने ओजपूर्ण व संगीतमय प्रवचन से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं। अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। भागवत कथा सुनने से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होकर शांति व मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि दान करने से धन की शुद्धि होती है। संत की सेवा करने से हमारा शरीर पवित्र होता है। भजन से मन पवित्र होता है जहां भागवत कथा होती है वह क्षेत्र तीर्थ हो जाता है। वह स्थल साक्षात वृंदावन बन जाता है। कथावाचिका ने कहा कि भगवान के चरणों में जब हम मन लगाते हैं तो भगवान हमें सब कुछ दे देते हैं। भागवत कथा सुनने से निर्धन को धन निसंतान को संतान प्राप्त होता है। हम अपनी वाणी व व्यवहार से कुछ भी हासिल कर सकते हैं। भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। इस मौके पर विधायक कथावाचिका श्यामा किशोरी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## गश्ती की चेकिंग करने वाले अधिकारियों की सूची जारी

**सिवान।** रात्रिकालीन गश्ती करने वाले अधिकारियों की सूची सोमवार को पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने जारी की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला अंतर्गत अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी गश्ती एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में अनुमंडलीयवार प्रतिदिन रात्रि में सुपर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। बताया कि महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमन को जिला के संपूर्ण सुपर जोनल के वरीय प्रभार में , मैरवा अंचल प्रभाग के पुलिस निरीक्षक रत्नेश कुमार वर्मा को मैरवा अनुमंडल व यातायात थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक अभय नंदन कुमार को सदर अनुमंडल दिया गया है।

## कुटीर ज्योति श्रेणी बिजली उपभोक्ताओं के घर की छतों पर लगेगी नि-शुल्क सोलर लाइट

- उपभोक्ताओं को 1.1 किलोवाट क्षमता का रूफटाप सोलर पैनल पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा
- उपभोक्ता को अपने उपलब्ध मोबाइल नंबर से सुविधा मोबाइल एप पर पंजीकरण कराना अनिवार्य

**परवेज अख्तर/सीवान।** कुटीर ज्योति श्रेणी बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। बिहार सरकार 125 यूनिट बिजली फ्री देने के बाद अब इनके घरों की छतों पर निःशुल्क सोलर पैनल प्लांट लगवाएगी। कुटीर ज्योति श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को 1.1 किलोवाट क्षमता का रूफटाप सोलर पैनल पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा, जिसे उपभोक्ताओं की सहमति के उपरांत उनके आवास की छत पर स्थापित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब व वंचित परिवारों को घरेलू बिजली आवश्यकताओं में आत्मनिर्भर बनाना है। उनके बिजली खर्च में कमी लाना तथा राज्य में स्वच्छ, हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। सोलर ऊर्जा के प्रयोग से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक, सुरक्षित एवं टिकाऊ ऊर्जा समाधान भी प्राप्त होगा। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपनी सहमति देनी होगी। इसके लिए उपभोक्ता को अपने उपलब्ध मोबाइल नंबर से सुविधा मोबाइल एप पर पंजीकरण कराना अनिवार्य हैं। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता रोशन कुमार ने बताया कि कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घर की छतों पर निःशुल्क सोलर लाइट लगेगा। योजना की जानकारी अथवा सहायता के लिए अपने निकटतम विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, अवर प्रमंडल अथवा प्रमंडल कार्यालय से संपर्क कर सकते है।-

## जंक्शन पर आरक्षित काउंटर के पास शिफ्ट हुआ अनारक्षित काउंटर

**सिवान।** जंक्शन से अनारक्षित टिकट ( जनरल ) लेकर रेल यात्रा करने वालों के लिए एक जरूरी खबर है। जंक्शन पर अनारक्षित टिकट काउंटर का जगह अब बदल दिया गया है। यहां का अनारक्षित टिकट काउंटर अब आरक्षित टिकट के पास कर दिया गया है। अनारक्षित टिकट काउंटर का स्थान बदलने जाने की जानकारी रविवार को पूछताछ काउंटर से लगातार यात्रियों को दी जा रही थी ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। बता दें कि पहले यह काउंटर जंक्शन मेन गेट से प्लेटफार्म नंबर एक पर प्रवेश करते ही था। जिससे अनारक्षित टिकट के लिए काउंटर पर लंबी लाइन लगा जाती थी। इससे अन्य यात्रियों को प्लेटफार्म पर जाने व आने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी वजह से इस काउंटर की जगह को बदल दिया गया। वर्तमान में रेलवे की ओर से आरक्षित टिकट का तीन काउंटर बनाया गया है। वहीं छह आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है। इसके लिए वाणिज्य विभाग द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही है।

## महायज्ञ में रामलीला एवं रासलीला देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड के मचकना स्थित सिंगार पटी मठिया( नाथधाम ) स्थित विगत शनिवार से चल रहे नौ दिवसीय श्रीराधे कृष्ण महायज्ञ में वृंदावन से पधारे रामलीला, रासलीला मंडली के कलाकारों द्वारा सफल मंचन कर श्रोताओं को अल्हाद्वित किया जा रहा है। साथ ही यज्ञाचार्य पंडित मनीष तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मठाधीश सह यज्ञाध्क्ष महामंडलेश्वर निजानं गिरि ने बताया कि रामायण काल की ताड़का के आतंक से ऋषि मुनि हमेशा भयभीत रहते थे। ताड़का हमेशा ऋषियों द्वारा किए जा रहे धार्मिक अनुष्ठानों में विघ्न पैदा करती रहती थी जिससे ऋषियों का कोई भी धार्मिक अनुष्ठान सफल नहीं हो पाता था। ताड़का के आतंक से छुटकारा पाने के लिए एक दिन ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचे तथा राजपुत्र राम और लक्ष्मण को ज्ञानार्जन हेतु अपने आश्रम में ले जाने की प्रार्थना की, आश्रम जाते वक्त रास्ते में राक्षसी ताड़का ने ऋषि विश्वामित्र सहित दोनों भाइयों पर हमले को उतारू हो गई। तत्पश्चात ऋषि ने आदेश दिया कि हे राम इस राक्षसी को मारकर संपूर्ण मानव जाति की रक्षा करो।

## नकदी व आभूषण समेत दस लाख की चोरी

मैरवा थाना क्षेत्र के इंग्लिश पंचायत क्षेत्र के बहुचक गांव में रविवार की रात करीब 10 लाख रुपये नकद और आभूषणों की चोरी कर ली गई। बताया जाता है कि घर के सभी सदस्य सो रहे थे तभी चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। वहीं बभनौली पंचायत के नवादा गांव में भी एक घर से मंगलसूत्र और मोबाइल चोरी कर ली गई। बताते हैं कि मैरवा थाना क्षेत्र के बहुचक गांव में चोरों ने रामवृक्ष चौधरी के घर को निशाना बनाते हुए करीब नकद व आभूषण समेत करीब 10 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। रात को परिवार के सदस्य सो रहे थे तभी चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते अंदर चले गए। जिस कमरे में कोई नहीं था उसमें घुसकर अलमारी व बक्से तोड़कर तीन लाख नकदी व 10 थान सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घर में किसी के चलने और उठा पटक की आवाज सुनकर सो रहे कुछ लोग जग गए। यह देख चोर भाग निकले। चोर की पहचान करने को आसपास के सीसी कैमरा फुटेज खंगाला जा रहा है। कहा जा रहा है कि चोर बाइक व चार पहिया से पहुंचे थे। सामान चोरी कर अपने वाहन से भाग गए। उधर नवादा गांव में भी संजू देवी के घर से घर के पीछे से छत पर चढ़कर सीढ़ी के सहारे नीचे उतर कमरे में प्रवेश कर मंगलसूत्र और मोबाइल की चोरी फरार हो गए।

## संदिग्ध परिस्थिति में ट्रक चालक की मौत

भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाने की खबर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है । मृत चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया के हनुमानगढ़ चौकी के खुशपुरा निवासी नंदजी यादव का पुत्र भोला कुमार यादव ( 50 ) के रूप में हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष छपित कुमार चौबे ने बताया रविवार को मध्य रात्रि के बाद ट्रक चालक भोला यादव को उसके सहयोगी अन्य ट्रक चालक साथी सीएचसी भगवानपुर में गंभीर स्थिति में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी ली गई तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। ट्रक किसी सामान से लोड है जो थाना मोड़ के समीप खड़ा है।

## अर्णव राज बने मिस्टर फेयरवेल व संजना बनी मिस फेयरवेल



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** ट्राइडेंट पब्लिक स्कूल परिसर में मैट्रिक बोर्ड परीक्षार्थियों के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस समारोह में विद्यालय परिसर रंगारंग सांस्कृतिक व खेल की गतिविधियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकेडमिक डायरेक्टर, विद्यालय के प्राचार्य कर्मवीर सिंह एवं विभागाध्यक्ष आरती सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्र-छात्राओं का पारंपरिक तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा के साथ आत्मीय स्वागत किया, जिससे गुरु-शिष्य और वरिष्ठ-कनिष्ठ परंपरा की सुंदर झलक देखने को मिली। फेयरवेल समारोह के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न मनोरंजक खेलों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन्हीं गतिविधियों के आधार पर कक्षा 10 बी के छात्र अर्णव राज को मिस्टर फेयरवेल तथा कक्षा 10 ए की छात्रा संजना को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। समारोह के समापन अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक फोटोग्राफी कराई गई और इस यादगार पल को संजोने के लिए सभी विद्यार्थियों को आकर्षक फोटो फ्रेम भेंट किए गए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्री-प्राइमरी के नन्हें बच्चों ने बनाया दर्जनों साइंस मॉडल



## रेनबो प्ले स्कूल के आयोजित किया गया साइंस फेयर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रेनबो प्ले स्कूल के प्री-प्राइमरी के नन्हें बच्चों ने जब अपने विभिन्न साइंस प्रोजेक्ट का डेमोंस्ट्रेशन किया तो अतिथि और अभिभावक आश्चर्य से अभिभूत हो उठे. बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न सरल मशीन और मॉडल के प्रेजेंटेशन जहां आकर्षण का केंद्र बने वहीं उनके प्रेजेंटेशन ने लोगों को मोह लिया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष सह शिक्षा शास्त्र के पूर्व रिसोर्स पर्सन व रोटरी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ शहजाद आलम ने कहा कि रेनबो नए नवाचार का प्रयोग कर बच्चों को सिखाने का सफल प्रयास कर रहा है. प्रिन्सिपल नकीब अहमद हमेशा यूनिक ऐक्टिविटी आयोजित करते रहते हैं. जिसका अनुकरण अन्य संस्थाएं भी करती हैं. इन्होंने बच्चों की हौसला अफजाई के लिए ऐसा ही एक प्रयोग किड्स कनवोकेशन का किया था. बाद में चर्चित शिक्षा एसीएस केके पाठक ने विद्यालयों में दीक्षांत आयोजित करने का आदेश दिया. मैंने रेनबो से बच्चों का गाउन लेकर अपने विद्यालय में दीक्षांत आयोजित किया. वही तस्वीर समीक्षा बैठक के लिए चुनी गयी. जिसकी प्रशंसा केके पाठक ने राज्य स्तर पर की. रेनबो के रूप में स्थानीय लोगों को ग्लोबल स्कूलों जैसी सुविधा मिली है. जिससे वे अपने नन्हें बच्चों को दूर भेजने के परेशानी से बच रहे हैं. अति विशिष्ट अतिथि शहजाद अहमद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महान विज्ञानी आइंस्टीन ने कहा था कि मैं बच्चों को पढ़ाता नहीं. बल्कि ऐसी स्थितियां बनाता हूं कि बच्चे स्वयं सीखें. आपके द्वारा बनाए गए मॉडल से प्रोजेक्ट आपके और अन्य बच्चों के अंदर यह जिज्ञासा पैदा होनी चाहिए कि वे किस नियम और सिद्धांत पर काम करते हैं. फिर आप उन्हें खोजने, जानने और सीखने की कोशिश करें. यही शिक्षा का आधार है. विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुल्तान हुसैन इदरीसी ने कहा कि हर बच्चे के अंदर एक अलग प्रतिभा होती है. शिक्षक और अभिभावक उसे पहचाने. अपना गोल देने की बजाए बच्चों की प्रतिभा और रुचि के अनुसार उन्हें अपना फिल्ड चुनने दें. उसकी सहायता करें. वह जरूर सफल होगा. उन्होंने कहा कि सरकार के पास बहुत सी योजनाएं हैं. केवल उनकी जानकारी हो और आपमे टैलेंट हो तो पैसे के आभाव में किसी की पढ़ाई बंद नहीं होगी. अतिथि सिराजुद्दीन खान उर्फ मुन्ना मिस्त्री, तशफ्फी हुसैन आदि ने बच्चों की हौसला अफजाई की. पूर्व में फीता काटकर और बैलून उड़ा कर उद्घाटन किया गया. अतिथियों का स्वागत प्राचार्य नकीब अहमद ने किया.

### साइंस फेयर में बच्चों ने दिखाया हुनर

यूकेजी के अलीशा ने दिशा सूचक, अलीना ने स्कूल मॉडल, जोया व सबीना ने बिफोर-आफ्टर चार्ट, मो राहत ने इंडिया गेट, वर्ग एक के आदित्य व साजिद ने डॉवलक, अहद ने शूगर स्नेक, सूफिया, मुजीब व आए?शा ने डे एण्ड नाईट, मो अनस ने रोटेशन एण्ड रिवोल्यूशन, अक्सा ने अदृश्य अग्निरोधक, सनम ने ओझल पाउडर, अली हसन व कुलसुम ने रंगीन बारिश, कक्षा दो के ताबीर ने आकाश गंगा के प्रकार, माएरा ने पदार्थ के अवयव, मो फरहान ने अंडर बाटर फायर वर्क, उजैर ने घड़ी, मिन्हाज व नूरसबा ने हाउस मोडल, हमीरा व कायनात ने अन्डर वाटर वोलकैनो, कक्षा तीन के अक्सा व अलीशा ने ऑटोमेटिक स्ट्रीर लाईट, आयत व जन्नत ने वाटर डिस्पेंसर, अजलफा व अदीका ने जलचक्र, गुलाम ने कोण के प्रकार, आयान ने गुड्स कन्वेयर, जोया ने कचरा प्रबंधन, सुब्हान ने डीएनए, वर्ग चार के दिव्यांशी, आलिया व माहिरा ने ऑर्गेनिक फार्मिंग हाउस, माहिरा ने वायुमंडल के विभिन्न परत, आइजा ने हाइ?ड्रो पावर प्लांट, रईसा ने फसल संरक्षण, मो अतीक ने कबाड़ से कूलर, उमेर व नेहाल ने वर्षा डिटेक्टर, मो फैज एटीएम, मो शाहिद ने जलचक्र वर्ग पांच के सालेहा ने हार्ट फंक्शन, खुश्बु, साजिया व सोनम ने सोलर लिफ्ट, वर्ग छह की सफा ने किडनी फंक्शन, जैद व साहिल ने बज फायर गेम, अदनान ने वोलकैनो और रुख्सार ने फायर अलार्म का मॉडल प्रस्तुत किया.